## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तत्त्वज्ञान (वर्ष : 2024) दिनांक : 18.12.2024

समय सीमा : 3 घंटा प्रथम वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

### पच्चीस बोल–20

प्र. 1 कोई तीन बोल लिखें– 12

(क) पाप तत्त्व के भेद लिखें।

(ख) पांचवां व नौवां बोल लिखें।

(ग) तेरहवां बोल।

(घ) स्थावर काय के द्रव्य कितने व कौन से? लिखें।

(ड़) स्पर्शनेन्द्रिय के कितने व कौन-कौन से विषय हैं? लिखें।

प्र. 2 किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखें– 5

(क) लेश्या किसे कहते हैं?

(ख) बंध किसे कहते हैं?

(ग) जीवों के 14 भेदों में एकेन्द्रिय के कितने भेद हैं?

(घ) पुद्गलास्तिकाय के कितने व कौन से भेद हैं? नाम लिखें।

(ड़) सम्यक् दृष्टि को परिभाषित करें।

(च) ध्यान कितने हैं? नाम लिखें।

(छ) नारक जीवों के कितने दण्डक व कौन से?

प्र. 3 जिसमें गुण और पर्याय होते हैं, उनको.......................................कहते हैं। यह कौन सा बोल है? पूरा बोल लिखें। 3

### पच्चीस बोल की चर्चा–45

प्र. 4 कोई तीन बोल की चर्चा लिखें– 15

(क) अट्ठारहवां बोल और इक्कीसवां बोल।

(ख) सतरहवां बोल।

(ग) छठा बोल।

(घ) दसवां बोल व पहला बोल।

(ड़) दण्डक पहले से दसवें तक।

प्र. 5 किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर दें– 18

(क) दो जाति किसमें? और क्यों?

(ख) जीव किस पर्याप्ति के पूर्ण होने पर पर्याप्त होते हैं? वे अपर्याप्त कब होते है?

(ग) अंतराल गति में कितने प्राण व कौन-कौन से और कैसे? स्पष्ट करें।

(घ) पांच शरीर किसमें व किस अपेक्षा से?

(ड़) केवलज्ञानी में कितने योग व कौन-कौन से?

(च) अचरम का अर्थ क्या है? इसमें किन-किन जीवों का समावेश होता है?

(छ) सात उपयोग किसमें व कौन-कौन से?

प्र. 6 किसमें और कौन-कौन से पाये जाते हैं, कोई छह करें– 12

(क) चौदह दण्डक किसमें और कौन से?

(ख) त्रीन्द्रिय में कितने व कौन-कौन से विषय?

(ग) जीव के दो भेद किसमें, कौन से?

(घ) 15 विषय किसमें? व कौन-कौन से?

(ड़) दो दण्डक किसमें? व कौन-कौन से?

(च) पांच गुणस्थान किसमें? व कौन-कौन से?

(छ) तीन पर्याप्ति किसमें? व कौन-कौन सी?

(ज) पांच योग किसमें? व कौन-कौन से?

## चतुर्भंगी–35

प्र. 7 कोई पांच बोल की चतुर्भंगी लिखें– 25

(क) दसवां बोल।

(ख) चौबीसवां बोल।

(ग) चौदहवें बोल में मोक्ष जाने के 4 कारण।

(घ) दूसरा बोल।

(ड़) सातवां बोल।

(च) सोलहवां बोल।

(छ) बारहवां बोल।

प्र. 8 किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखें– 10

(क) दृष्टि किस कर्म का उदय?

(ख) सम्यक्त्व संवर किस गुणस्थान में होता है?

(ग) किस गति के जीव सबसे अधिक?

(घ) जाति किस कर्म का उदय?

(ड़) किस काय के जीव असंख्य और किसके अनन्त?

(च) भावेन्द्रिय उदय भाव अथवा क्षयोपशम भाव?

(छ) सब जीवों में पायी जाने वाली पर्याप्ति का नाम लिखें।

(ज) प्राण का अर्थ लिखें।

(झ) कौन सा योग जीव, कौन सा अजीव?

(ञ) किस उपयोग के जीव कम, किस उपयोग के जीव अधिक?

(ट) भांगा किस कर्म का उदय?

(ठ) तुम्हारे में आश्रव के भेद कितने?